# विचार मासिक पत्रिका

कुल पृष्ठ 16, वर्ष 6, अंक 69 माह - सितंबर, 2024, मूल्य : निःशुल्क




शहीदों को नमन - म्यूजिकल रोड शो में शामिल हुई विचार समिति

# पदाधिकारी



कपिल मलैया
संस्थापक अध्यक्ष



सुनीता अरिहंत
कार्यकारी अध्यक्ष



सौरभ रांधेलिया
उपाध्यक्ष



आकांक्षा मलैया
सचिव



विनय मलैया
कोषाध्यक्ष



नितिन पटैरिया
मुख्य संगठक



अखिलेश समैया
मीडिया प्रभारी



हरगोविंद विश्व
मार्गदर्शक



सनेश सिंघई
मार्गदर्शक



श्रीयाँश जैन
मार्गदर्शक



अनिल अवस्थी
मार्गदर्शक



गुलझारी लाल जैन
मार्गदर्शक



अर्चना रांधेलिया
मार्गदर्शक



अंशुल भार्गव
मार्गदर्शक



डॉ. स्वप्निल बी. मंत्री
मार्गदर्शक

## - सक्सेस स्टोरी -

स्वदेशी मेला के अंतर्गत आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ रही महिलाओं की कहानी

# वेदिका संकुल स्तरीय संगठन के अंतर्गत एसएचजी से जुड़कर 7000 महिलाओं ने बदला अपना जीवन



**वेदिका संकुल स्तरीय संगठन वस्त्र निर्माण इकाई की महिलाएं कपड़े बनाते हुए।**

कहानियों में केवल शब्द नहीं होते, अभाव से गुजरते हुए एक गहरे जीवन के अनुभव, निरंतर संघर्ष से निकलती है एक प्रेरणा। कहानियां कई मायनों में हमें एक समान कर जाती है। कठनाइयों और जोखिमों को पहचानते हुए हमें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर इरादे मजबूत हों और कड़ी मेहनत की जाए तो सफलता मिलना मुश्किल नहीं होती है। इसी बात को सच साबित कर दिखाया है सागर जिला की वेदिका संकुल स्तरीय संगठन वस्त्र इकाई की महिलाओं ने। इन महिलाओं को यह सबकुछ कर पाना इतना आसान नहीं था। वेदिका संकुल स्तरीय संगठन वस्त्र इकाई की महिलाओं ने स्वावलंबी भारत अभियान अंतर्गत आयोजित स्वदेशी मेले में स्टॉल लगाया था। उनकी इस यात्रा की शुरुवात बहुत पहले हो चुकी थी आइए जानते हैं क्या है पूरी कहानी।

वर्ष 2021 मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला सागर के अंतर्गत एल. ई. डी. पी. परियोजना अंर्तगत वेदिका सी. एल. एफ. के (एसएचजी) वस्त्र निर्माण (सीएफसी) को अनुदान सहायता द्वारा वेदिका संकुल स्तरीय संगठन वस्त्र निर्माण इकाई का शुभारंभ हुआ था।

**वस्त्र निर्माण इकाई से जुडी क्रांति पटेल का जीवन बदला -** क्रांति पटेल मूलतः ढाना की रहने वाली है। क्रांति के बचपन में ही उसके पिता का दुर्घटनावश एक पैर कट गया था। क्रांति की माँ मजदूरी का कार्य करती है। क्रांति ने स्नातक की पढ़ाई ढाना से की है। क्रांति कहती है कि आगे की पढ़ाई के लिए इतने पैसे नहीं थे कि सागर जा पाऊं, उस समय लग रहा था कि अब आगे नहीं पढ़ पाउंगी, परिस्थितयां ही ऐसी थी। मेरी मुलाकात ढाना में एक दीदी से हुई, उन्होंने मुझे बताया कि सागर में एक ऐसा सेंटर है जहां काम करते हुए मैं पढ़ाई कर सकती हूं। मुझे वेदिका संकुल से जुड़े दो वर्ष हो चुके हैं। मैनें यहाँ काम करते हुए पोस्ट ग्रेजुएशन किया और अभी मैं एमएसडब्ल्यू कर रही हूं। मेरा सपना प्रोफेसर बनने का है। अपनी जरूरत के साथ-साथ मैं घर की भी मदद कर पाती हूं। मेरा परिवार खुश है, मैं भी खुश हूं।



स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष शशि दांगी

**7000 हजार महिलाओं के चेहरे की पहचान है शशि दांगी -** शशि दांगी अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति और दिन-रात की कड़ी मेहनत से हजारों महिलाओं के चेहरे पर ख़ुशी लायी हैं। कक्षा 8 वीं तक पढ़ी शशि की शादी 14 वर्ष की उम्र में हो गई थी। आज शशि दांगी 32 ग्राम संगठन एवं 600 स्वयंसहायता समूहों की 7000 बहनों के साथ सफलता पूर्वक कार्य कर रही है। यह बहनें अलग अलग व्यवसाय के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है। शशि दांगी कहती है कि घर से निकलना आसान नहीं होता। हर जगह रोकने-टोकने वाले मिल जाते है। मुझे भी कई बार लगा यह काम छोड़ देना चाहिए। जब हम शुरूवाती सर्वे करने गए तो कोई समूह में जुड़ने को तैयार नहीं था। लेकिन जब मैं देखती कि महिलाओं को छोटी से छोटी आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है या हमारे बीच ऐसी बहनें होती हैं जिनका कोई सहारा नहीं होता वह कहां से अपना घर चलाएगी।



सुप्रिया पंथी प्रबंधक, एसएचजी वस्त्र निर्माण इकाई, सागर

हम लगातार बहनो से मिलते रहे उनसे बात की तब कहीं जाकर इन समूहों का गठन हो पाया। वर्तमान में हमारी दो वस्त्र इकाई संचालित है जिनमें प्रत्येक इकाई में 80 से अधिक महिलायें नियमित रूप से कार्य कर रही है। 300 से 400 रूपये प्रतिदिन तक कमा लेती है मुझे बहुत खुशी है। हमारा उदेश्य इकाई को फैक्ट्री में बदलने का है। जिसमें 500 महिलाएं एक साथ काम कर सकें।


**महिलाएं सीधे संपर्क कर सकती हैं वेदिका वस्त्र निर्माण इकाई सागर में -**

राधे तिवारी वर्तमान में वस्त्र निर्माण ईकाई सागर के प्रभारी है। वह कहते है कि बड़ी प्रसन्नता के साथ मैं यह बात बताना चाहूंगा कि उस समय लगभग 25 महिलाएं सेंटर में कार्य करने के लिए सहमत हुई थीं। इस सेंटर से महिलाओं ने प्रशिक्षण लेकर सिलाई का कार्य शुरू किया। महिलाओं के प्रशिक्षण के लिए अत्याधुनिक मशीनें है। अब यह इकाई वस्त्र बनाने में एक तरह से आत्मनिर्भर है। यहां पर स्पोर्ट्सवियर में पैंट, शर्ट, ट्रैक पैंट, शॉर्ट्स, स्पोर्ट्स टी-शर्ट के साथ सलवार सूट, कुर्ता, पजामा, दुपट्टे, कॉटन सूट आदि वैरायटी के कपड़े बनते हैं। मुझे लगता है यह सागर जिले का एकमात्र ऐसा सेंटर होगा जिसमें 60 अत्याधुनिक सिलाई मशीन हैं जो लाइट से संचालित होती है। 3 माह का प्रशिक्षण लेकर आजीविका भवन केंद्र से सिलाई कार्य शुरू किया जाता है। इस परिसर की सीसीटीवी टेक्नोलॉजी से मॉनिटरिंग होती है। सिलाई सेंटर में प्रवेश केवल यहां पर काम करने वाली महिलाओं को ही दिया जाता है। आप सभी से अपील है आप अवश्य सेंटर पर पधारे। यहां पर वस्त्र उच्च गुणवत्ता के साथ निर्मित किये जाते है। उनकी आप गुणवत्ता देखें, उनसे यह वस्त्र खरीदें। हमारी बहनें जो गांव से निकाल कर यहां आ रही है अपने परिवार, अपने बच्चों को छोड़कर निश्चित रूप से आपके सहयोग से उनको आत्म बल मिलेगा।

**हमारा पता है - आजीविका भवन, आर्ट एण्ड कॉमर्स कॉलेज के सामने सागर मध्यप्रदेश मोबा. नं . 9522730548, 9584030547**

# स्थानीय स्तर पर दंगल आयोजित करवाए जाएंगे ताकि कुश्ती की परम्परा कायम रहे : कपिल मलैया

## कपिल मलैया भारतीय शैली कुश्ती संघ मप्र अध्यक्ष एवं वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ इंडिया स्टाइल रेसलिंग उपाध्यक्ष चुने गये



**भारतीय शैली कुश्ती संघ की बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी**

भारतीय शैली कुश्ती संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक मैजिस्टिक प्लाजा में आयोजित की गई। बैठक में कपिल मलैया भारतीय शैली कुश्ती संघ मप्र के अध्यक्ष एवं वर्ल्ड फेडरेशन आफ इंडिया स्टाइल रेसलिंग के उपाध्यक्ष चुने गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय महासचिव दिल्ली गौरव सचदेवा ने बताया कि कुश्ती की परंपरा देश में विलुप्त होती जा रही थी लेकिन आज 150 देशों में प्रचलित हो रही है। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे इंदौर, उज्जैन, रतलाम, भोपाल, जबलपुर, मण्डला, कटनी, उमरिया, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, हरदा, मध्यप्रदेश पॉवर मेनेजमेंट कम्पनी, जबलपुर एवं सागर के जिलों के अध्यक्ष, सचिव उपस्थित थे। भारतीय शैली कुश्ती संघ महासचिव अर्जुन यादव द्वारा विगत कार्यकाल का विवरण एवं उपलब्धियां से अवगत कराया एवं आगामी कार्यकाल हेतु नवीन कार्यकारिणी गठन का प्रस्ताव रखा गया। आगामी आयोजन नवम्बर माह में मध्यप्रदेश केशरी कुश्ती स्पर्धा मण्डला में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया है। भारतीय शैली कुश्ती संघ मप्र अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि मेरा प्रयास रहेगा कि भारतीय शैली कुश्ती को अधिक से अधिक लोगों से जोड़ सकूं। भारतीय संस्कृति में कुश्ती महत्वपूर्ण अंग रही है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे युवा हैं जिन्हें कुश्ती में रूचि है पर उचित अवसर एवं जानकारी न होने के कारण पीछे रह जाते हैं। ऐसे सभी युवाओं के लिए स्थानीय स्तर पर दंगल आयोजित करवाए जाएंगे ताकि हमारी भारतीय शैली कुश्ती की परम्परा कायम रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर संतोष तिवारी जबलपुर, उपाध्यक्ष विनोद कछवाहा मण्डला, सह सचिव कौशल सोनी सागर, सह सचिव जे.डब्लू खरपाटे जबलपुर, सह सचिव मिथुन पहलवान इंदौर, कोषाध्यक्ष राकेश यादव एम.पी. पॉवर मेनेजमेंट कम्पनी जबलपुर, कार्यकारणी के सदस्य अभिमन्यु सोनी सागर, कमल मांडवा इंदौर, शकील मोहम्मद छिंदवाड़ा, नर्बद काछी जबलपुर, दीपक रजक जबलपुर, प्रवीण धनगर नरसिंहपुर, विनोद यादव भोपाल, जे.पी. गोस्वामी उमरिया, संतोष कुमार कुशवाहा मण्डला, मुकेश पहलवान उज्जैन, गोविंदा पहलवान हरदा, गनपत पहलवान रतलाम, संतोष यादव नरसिंहपुर की नियुक्ति उक्त बैठक में की गई। जिनका कार्यकाल 4 वर्ष का होगा। बैठक का संचालन संदीप कछवाहा मण्डला के द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन विनय जैन सागर के द्वारा किया गया। बैठक में रमेश चंदेल, मगन पहलवान, श्याम पहलवान, वीनू राणा, सुरेश वकील, अजय यादव, बब्बू यादव पार्षद, अंबिका पहलवान, कृष्ण वल्लभ सोनी, राजा ठाकुर, मोहित ठाकुर, कुलदीप गौर, रमन मिश्रा, राजदीप यादव, पवन पहलवान, इंद्रपाल सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

# भारतीय शैली कुश्ती संघ





## कपिल मलैया जी

भारतीय शैली कुश्ती संघ मप्र अध्यक्ष
एवं वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ इंडिया स्टाइल
रेसलिंग उपाध्यक्ष बनाये जाने पर

## हार्दिक बधाई-शुभकामनाएं

**माननीय गौरव सचदेवा जी**
राष्ट्रीय महासचिव, भारतीय शैली कुश्ती महासंघ, दिल्ली

**माननीय अर्जुन यादव जी**
प्रांतीय महासचिव, भारतीय शैली कुश्ती संघ का

**आभार**



प्रतिनिधि मंडल एवं कार्यकारिणी सदस्य - वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष तिवारी जबलपुर, उपाध्यक्ष विनोद कछवाहा मण्डला, सह सचिव कौशल सोनी सागर, सह सचिव जे.एल. सरपारे जबलपुर, सह सचिव मिथुन पहलवान इंदौर, कोषाध्यक्ष राकेश यादव एम.पी. पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी जबलपुर, कार्यकारणी के सदस्य - अभिमन्यु सोनी सागर, कमल मांडवा इंदौर, शकील मोहम्मद छिंदवाड़ा, नर्मद कावड़े जबलपुर, दीपक रजक जबलपुर, प्रवीण धनगर नरसिंहपुर, विनोद यादव भोपाल, जे.पी. गोस्वामी उमरिया, संतोष कुमार कुशवाहा मण्डला, मुकेश पहलवान उज्जैन, गोविंद पहलवान हरदा, गनपत पहलवान रतलाम, संतोष यादव नरसिंहपुर, संदीप कछवाहा मण्डला।

**सौजन्य - कौशल सोनी (पहलवान) सह सचिव,** रोहित चंदेल, मगन पहलवान, श्याम पहलवान, ज्ञानी पहलवान, अभिमन्यु पहलवान, कन्हई पहलवान, पवन केशरवानी, जिनय जैन, वीनू राणा, सुरेश कर्वाल, प्रकाश यादव, बब्लू यादव पार्षद, अभिषेक पहलवान, कृष्ण वल्लभ सोनी, राजा ठाकुर, मोहित ठाकुर, कुलदीप गौर, रमन मिश्रा, राजदीप यादव, पवन पहलवान, इंद्रभान सिंह ठाकुर, परषोत्तम पहलवान, टकारी पहलवान, विपिन गौतम, रतन मिश्रा, भोपाल लंबरदार, संतोष पटेल, अभिषेक उपाध्याय एवं समस्त भारतीय शैली कुश्ती संघ, सागर

# ग्राम मनेसिया में 56 लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ उठाया



**आयुष विभाग से डॉ. पारुल सारस्वत, डॉ. पीयूष जैन, समिति उपाध्यक्ष सौरभ रांधेलिया, कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।**

विचार समिति द्वारा रविवार को 11 बजे से 2 बजे तक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन निताई प्ले स्कूल, ग्राम मनेसिया में किया गया। गांव के 56 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। जिला आयुष हॉस्पिटल की डॉ. पारूल सारस्वत और एमडी मेडीसिन डॉ. पीयूष जैन द्वारा शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई।

इस अवसर पर डॉ. पारूल सारस्वत ने बताया कि ऐसे बहुत से मरीज थे जिन्हें जांच के दौरान पता चला कि उन्हें ब्लड प्रेशर और शुगर की शिकायत है। इन मरीजों को दवा के साथ परहेज से चलने का परामर्श दिया गया। इसके अलावा कुछ मरीजों में त्वचा रोग की शिकायत भी पाई गई। उन्होंने बताया कि डॉक्टर द्वारा जो भी दवा दी जाती है उसे समय पर खाएं।

एमडी मेडीसिन डॉ. पीयूष जैन ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हुई कि मैं इस स्वास्थ्य शिविर का हिस्सा बना। उन्होंने कहा कि कम वसा और कम नमक वाला आहार खाना चाहिए। धूम्रपान और शराब के सेवन से बचना चाहिए इसके अलावा नियमित रूप से व्यायाम करना उच्च रक्तचाप और शुगर को नियंत्रित करने में काफी मददगार साबित हो सकता है।

समिति की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य महिलाओं, पुरूषों एवं बच्चों को जो भी बीमारियां होती हैं उनकी शहर दूर होने के कारण जांच नहीं हो पाती। उन्हें इस शिविर का लाभ मिल सके। हम आगे भी इसी तरह के स्वास्थ्य शिविर लगाते रहेंगे।

इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष सौरभ रांधेलिया, आशीष सिंह, पं. कुंदनलाल रिछारिया, सुरेन्द्र राय, प्राचार्य साक्षी दांगी, रागिनी राय, खुशबू चढ़ार, राहुल अहिरवार, माधव यादव, सोनू नामदेव आदि उपस्थित थे।

# युवा स्थानीय स्वरोजगार उत्पन्न करें तभी हम आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकेंगे : मलैया

## विचार समिति ने 551 जगह पर किया झंडावदन



**विचार कार्यालय में झंडावंदन करते समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।**

विचार समिति ने स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर 551 स्थानों पर झंडावंदन किया। विचार मोहल्ला परिवार, सहायक, समन्वयक ने आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए देश भावना से जुड़कर हर्षोल्लास के साथ त्योहार की तरह स्वतंत्रता दिवस मनाया। समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज स्वतंत्रता के 78वें वर्ष पूर्ण होने के बाद भी आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं हुए हैं क्योंकि हमारी आदत में है नौकरी को प्राथिमकता देना जबकि आज आवश्यकता है हम स्वरोजगार एवं स्वयं के उद्योग धंधों की ओर आगे बढ़ें एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। जो युवा जहां है वहीं रहते हुए स्थानीय स्वरोजगार उत्पन्न करें तभी हम आर्थिक रूप से स्वतंत्रता एवं सामाजिक समरसता को प्राप्त कर सकेंगे।

समिति की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने बताया कि हम सभी ने मिलकर वर्ष 2003 में विचार समिति का कार्य शुरू किया था। अत्यंत हर्ष की बात है कि आप सभी ने विचार के साथ राष्ट्र निर्माण के कार्य संपन्न किये है। हमने सागर के अंदर छोटे से छोटे व्यक्ति को जोड़कर पर्यावरण, स्वास्थ्य, सामाजिक परिवर्तन, शिक्षा, स्वरोजगार, संस्कृति संवर्धन के महत्वपूर्ण कार्य किये है। झंडावंदन करने वालों में प्रीति मलैया, राजकुमार नामदेव, रामकृष्ण मिश्रा, रविन्द्र ठाकुर, आशीष पाठक, सुनील सागर, प्रियंका राजपूत, पूजा प्रजापति, माधव यादव, अमित पचौरी, नीलू सागर आदि उपस्थित थे। दूसरी तरफ विचार समिति द्वारा संचालित निताई प्ले स्कूल ग्राम मनेसिया में मुख्य अतिथि गजराज सिंह राजपूत प्राचार्य साक्षी दांगी की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। शिक्षिका खुशबू चढ़ार ने मंच का संचालन किया। रागिनी राय द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय के बच्चों ने नृत्य एवं देशभक्ति गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अरविंद सेन, प्रीतम चढ़ार, रासिद खान, विजय विश्वकर्मा, शिवशंकर कुशवाहा, सत्यवीर चढ़ार, अनिल कुशवाहा, हेमराज कुर्मी, पंकज राय, जगदीश आदि उपस्थित थे।

# झंडावंदन की झलकियां




संध्या रांधेलिया, चंद्रप्रभु शाखा
स्वदेशी, कटरा बाजार



अनीता चौधरी
भगवानगंज



अनीता जैन
पुणे



उमा पटेल
27 नं. रेलवे फाटक,सागर



दीप्ति कुशवाहा
27 नं. रेलवे फाटक,सागर



डॉ. लखन पटेल
मकरोनिया



मनोज जैन
कटरा बाजार



ममता अहिरवार
सुभाष नगर, सागर



नीलू सागर
तिलकगंज वार्ड



ममता भूरिया
मकरोनिया, सागर



पप्पू बंसल
रविदास वार्ड,मकरोनिया



दुष्यंत शर्मा जी
श्रीकृष्णा वार्ड, मकरोनिया



प्रभा साहू
भगवानगंज वार्ड



प्रेमेन्द्र शर्मा, अखिलेश समैया
इंद्राप्रस्थ कॉलोनी, तिली



पिंटू दुबे
शिवाजी वार्ड



सरिता गुरु
भूतेश्वर मंदिर



पूनम मेवाती
तिलकगंज, सागर



सुनील सागर
मोतीनगर वार्ड, सागर



संजय शक्कर, मनीष जैन
मकरोनिया


शांति रेसीडेंसी,
मकरोनिया, सागर


अंकित संकल
पगारा रोड, सागर


जैन मिलन नेहा नगर
निर्माण जंक्शन, मकरोनिया


मनीषा नामदेव
नई गल्ला मंडी


सतेन्द्र जैन (वीरू)
अभिनव वाटिका, सागर


सुनीता पड़वार
बाहुबली कॉलोनी, सागर


मानशु कोष्टी
सूबेदार वार्ड, सागर


आरती सेन जी
तिरुपतिपुरम, सागर


अनिमेष समैया
शीश महल, सागर


मुक्ता जैन
आनंद नगर रोड, वार्ड 7 मकरोनिया


नीतू पटेल
मढिया विठ्ठल नगर


शोभना पटैल
अभिषेक स्कूल, राजीव नगर


अंजना पटेल
राजीव नगर वार्ड


वैजयंती अहिरवार
भगवानगंज वार्ड, सागर


सपना ठाकुर
भगवानगंज वार्ड


शीला अहिरवार
भगवानगंज वार्ड


पवन पटेल
वार्ड 1 कछियाना सदर


जानकी पटेल
तिलकगंज वार्ड


पूजा महेश्वरी
वर्णी कॉलोनी


ममता अहिरवार
तुलसीनगर वार्ड


सूरज सोनी
वार्ड नं. 3, सदर


प्रीति केशरवानी
विजय टाकीज रोड, सागर


सौरभ जैन
आलम मिठ्या, सागर


राजेश सिंघई
मकरोनिया, सागर


रक्षा जैन
एम.एस. गार्डन के पास, सागर


मंजरी जैन
वंदना होटल के पास, सागर


मधु मौर्य
पुरानी सदर, सागर


डॉ. उत्तम लोधी
मकरोनिया, सागर


तुलसीराम रजक
राहतगढ़


श्रीपाल ठाकुर
कनेरा, सागर


श्रीकांत सेन, शीतला देवी मंदिर
के पास, इतवारी वार्ड


राजकुमार नामदेव
राहतगढ़


गोपाल चौरसिया
राहतगढ़


प्रवीण राय
राहतगढ़


प्यारेलाल साहू
राहतगढ़


राजकुमार राय
राहतगढ़



मनीष कोरी
राहतगढ़


मोहित कोरी
राहतगढ़


आलोक जैन
बालक हिल व्यू, सागर


डॉ. ज्योति रानी मौर्य
पुरानी सदर, सागर


महेश नामदेव
राहतगढ़


आशीष जैन
सीहोर (राहतगढ़)


राजीव नामदेव
सीहोर (राहतगढ़)

# सरस्वती विद्यालय मकरोनिया से शुरू हुआ उद्यमिता पखवाड़ा




उद्यमिता पखवाड़ा में युवाओं को स्वरोजगार की जानकारी दी गई।

विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से उद्यमिता पखवाड़ा की शुरूआत सरस्वती विद्यालय मकरोनिया से किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमति रूचि मिश्रा ने विश्व उद्यमिता दिवस को केंद्र में रखते हुए उद्यमिता विकास पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम में जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान राजकुमार नामदेव ने कहा कि युवाओं में उद्यमिता की भावना विकसित करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर पैदा करने एवं दुनिया भर में नवाचार और विकास को बढ़ावा देने में उद्यमियों के महत्वपूर्ण योगदान को पहचानने के उद्देश्य से विश्व उद्यमिता दिवस को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। आज के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर पहचानने एवं प्राप्त करने में स्वावलंबी भारत अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

जिला संयोजिका अंजली दुबे ने छात्रों से कहा कि उद्यमिता से संबंधित विभिन्न विषयों पर समझ विकसित करने के लिए चर्चा करें एवं नवाचार के गुण अपने में विकसित करें। कार्यक्रम में युवा उद्यमी शिवांश तिवारी ने अपने विचार साझा किये।

जिला पूर्णकालिक कार्यकर्ता रविंद्र ठाकुर ने कहा कि बेरोजगारी की समस्या के समाधान व रोजगार सृजन हेतु व्यापक प्रयत्नों जैसे - जन जागरण प्रबोधन व सहयोग की आवश्यकता है । उसके लिए भारत के आर्थिक संगठनों के साथ-साथ शैक्षिक एवं सामाजिक संगठनों की एक व्यापक पहल है - स्वावलंबी भारत अभियान।

कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान के उद्देश्य से लिखी गई पुस्तक “37 करोड़ स्टार्टअप्स का देश” पुस्तक का विमोचन हुआ। इस अवसर पर अमन गौतम, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# ग्रीन अर्थ वेंचर के 15 वें वर्ष की उपलब्धि पर विचार समिति के लिए सम्मानित किया गया





**पारुल साहू केशरी ने विचार समिति सदस्य राहुल अहिरवार, पूजा प्रजापति को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। दूसरे चित्र में आकाश जैन, अभिषेक मसीह को पौधा भेंट किया गया।**

ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल, ओजोन क्लब द्वारा सागर को हरा-भरा बनाएं रखने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। ओजोन क्लब ग्लोबल वार्मिंग, प्रदूषण और वनों की विभिन्न पर्यावरणीय खतरों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से "ग्रीन अर्थ वेंचर" का आयोजन करता हैं। इस अवसर पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रही विचार समिति के लिए मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। विचार समिति के लिए ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल अध्यक्ष पारुल साहू केशरी, प्रधानाचार्य लिसी लुइस द्वारा सम्मानित किया गया। विचार समिति सहायक आकाश जैन ने कहा कि हम ओजोन क्लब एवं ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल के आभारी हैं। विचार समिति पर्यावरण के साथ-साथ समाज के विकास के लिए निरंतर अग्रसर रूप से कार्यरत है। समिति सदस्य राहुल अहिरवार एवं पूजा प्रजापति ने मोमेंटो स्वीकार किया।

# निताई प्ले स्कूल मनेसिया में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई

विचार समिति द्वारा संचालित निताई प्ले स्कूल ग्राम मनेसिया में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। छात्र - छात्राओं को अभिभावकों तथा विद्यालय की अध्यापिका रागनी राय, खुशबू चढ़ार ने नर्सरी से यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों को राधा-कृष्ण तथा ग्वाल-वालों की मनमोहक पोशाक पहनाकर आकर्षक ढंग से तैयार किया गया। बच्चों ने भगवान कृष्ण के जीवन आधारित प्रस्तुतियां दी। बच्चों में एलकेजी धैर्य राय, नीलू विश्वकर्मा कक्षा दूसरी से भूमिका, अलीशा, कीर्ति, अमायरा, प्रदेश, आशि, शिवांश, भूमिका, वेद, समृध्दि, संगीता, प्रशंसा, राजीव लोचन, रितिक, श्रेया अभिनय में हिस्सा लिया।



विद्यालय की प्राचार्य साक्षी दाँगी ने उपस्थित छात्र छात्राओं तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा ऐसे उत्सव बच्चों में नई ऊर्जा व स्फूर्ति प्रदान करते हैं। इस शुभ अवसर पर बाल लीलाओं को देखने के लिए विजय विश्वकर्मा, रोशनी राय, जयंत कुर्मी, भूरे यादव, पंकज राय आदि के साथ बड़ी संख्या लोग एकत्रित हुए।

# मीडिया कवरेज

## स्थानीय स्तर पर दंगल आयोजित करवाए जाएंगे ताकि कुश्ती की परम्परा कायम रहे : कपिल मलैया

कपिल मलैया भारतीय शैली कुश्ती संघ मप्र के अध्यक्ष एवं वर्ल्ड फेडरेशन आफ इंडिया स्टाइल रेसलिंग के उपाध्यक्ष चुने गये



## निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न



सागर, देशबन्धु। विचार समिति द्वारा रविवार को 11 बजे से 2 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन विराट भी स्कूल, ग्राम मनेशिया में किया गया। गांव के 56 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। जिला आयुष हॉस्पिटल की डॉ. ... और एमडी मेडीसिन डॉ. पीयूष जैन द्वारा शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच की गई। इस अवसर पर डॉ. ... ने बताया कि ऐसे बहुत से मरीज हैं जिन्हें जांच के दौरान पता चला कि उन्हें ब्लड प्रेशर और शुगर की शिकायत है। इन मरीजों को दवा के साथ परहेज से चलने का परामर्श दिया गया। इसके अलावा कुछ मरीजों में त्वचा रोग की शिकायत भी पाई गई। उन्होंने बताया कि डॉक्टर द्वारा जो भी दवा दी जाती है उसे समय पर खाएं। एमडी मेडीसिन डॉ. पीयूष जैन ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हुई कि मैं इस स्वास्थ्य शिविर का हिस्सा बना। उन्होंने कहा कि कम नमक और कम शक्कर वाला आहार खाना चाहिये। धूम्रपान और शराब के सेवन से बचना चाहिये इसके अलावा नियमित रूप से व्यायाम करना उच्च रक्तचाप और शुगर को नियंत्रित करने में काफी मददगार साबित हो सकता है। समिति की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को जो भी बीमारियां होती हैं उनकी शहर दूर होने के कारण जांच नहीं हो पाती। उन्हें इस शिविर का लाभ मिल सके। हम आगे भी इसी तरह के स्वास्थ्य शिविर लगाते रहेंगे। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष सौरभ रांधेलिया, आशीष सिंह, पं. कुंदनलाल तिवारिया, सुनील राय, ... आदि उपस्थित थे।

## स्थानीय स्तर पर दंगल आयोजित करवाए जाएंगे ताकि कुश्ती की परम्परा कायम रहेः मलैया



आर्थिक


## युवा स्थानीय स्वरोजगार उत्पन्न करें तभी हम आर्थिक रूप से स्वतंत्र हो सकेंगे : कपिल मलैया



## स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वरोजगार की सलाह देने उद्यमिता पखवाड़ा का शुभारंभ



## विचार समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 56 लोगों ने लाभ उठाया



## स्थानीय स्तर पर दंगल आयोजित करवाये जायेगे ताकि कुश्ती की परम्परा कायम रहेः कपिल मलैया

सागर, देशबन्धु। भारतीय शैली कुश्ती संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कपिल मलैया भारतीय शैली कुश्ती संघ मप्र के अध्यक्ष एवं वर्ल्ड फेडरेशन आफ इंडिया स्टाइल रैसलिंग के उपाध्यक्ष चुने गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय महासचिव दिल्ली गौरव ... ने बताया कि कुश्ती की परंपरा देश में विलुप्त होती जा रही थी लेकिन आज 150 देशों में प्रचलित हो रही है। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों के अध्यक्ष, सचिव उपस्थित थे। भारतीय शैली कुश्ती संघ महासचिव अर्जुन यादव द्वारा विगत कार्यकाल का विवरण एवं उपलब्धियों से अवगत कराया एवं आगामी कार्यकाल हेतु नवीन कार्यकारिणी गठन का प्रस्ताव रखा गया। आगामी आयोजन नवम्बर माह में मप्र केसरी कुश्ती स्पर्धा मण्डला में आयोजित



करने का प्रस्ताव रखा गया है। भारतीय शैली कुश्ती संघ मप्र अध्यक्ष कपिल मलैया ने बताया कि मेरा प्रयास रहेगा कि भारतीय शैली कुश्ती को अधिक से अधिक लोगों से जोड़ सकूं। भारतीय संस्कृति में कुश्ती महत्वपूर्ण अंग रही है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे युवा हैं जिन्हें कुश्ती में रुचि है पर उचित अवसर एवं जानकारी न होने के कारण पीछे रह जाते हैं। ऐसे सभी युवाओं के लिये स्थानीय स्तर पर दंगल आयोजित करवाये जायेंगे ताकि हमारी भारतीय शैली कुश्ती की परम्परा कायम रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर संतोष तिवारी जबलपुर, उपाध्यक्ष विनोद कछवाहा मण्डला, सह सचिव कौशल सोनी सागर, सह सचिव जैकब्बू खरारे जबलपुर, सह सचिव मिथुन पहलवान इंदौर, कोषाध्यक्ष राकेश यादव एमपी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी जबलपुर, कार्यकारणी के सदस्य की नियुक्ति इस बैठक में की गई। जिसका कार्यकाल 4 वर्ष का होगा। बैठक में रमेश पटेल, मनन पहलवान, श्याम पहलवान, वीनू राणा, रतन मिश्र, राजदीप यादव, पवन पहलवान, इंद्रपाल सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# हमारे सहयोगी

O.P. Jindal Global University
A Private University Promoting Public Service

TISS
Tata Institute Of Social Sciences

UPES
UNIVERSITY OF THE FUTURE

BHU
Banaras Hindu University

QUEST ALLIANCE

Goodera

ConnectAID
The International Solidarity Network

learning initiatives for india

meraadhikar
one nation, one platform

Lyvefresh

TechPose

BENNETT UNIVERSITY
TIMES OF INDIA GROUP

ACADEMIA FOR SUSTAINABLE DEVELOPMENT

POLICY RESEARCH FOUNDATION
PRF

NCD NAVJIVAN CENTER FOR DEVELOPMENT
We Design Your Growth Story

danamojo
experience the magic of giving

IIMT
GROUP OF COLLEGES
Greater Noida-Meerut
Aim For Excellence

Dr. H.S. Gour University Sagar (M.P.)

THE ART OF LIVING

Rotary
Club of Sagar

STEP-AHEAD
Fellowship Preparation-Support

INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT
ROHTAK

भारत विकास परिषद
Bharat Vikas Parishad
Sagar (M.P.)

ISRN

Edu-Vitae
Services
JOIN! LEARN! ACHIEVE!

India it is!
Edu Social Foundation

संजीवनी बाल आश्रम

विचार समिति
(स्थापना वर्ष 2023)

# निवेदन

आपसे निवेदन है कि अधिक से अधिक मात्र में दान देकर इस मुहिम को आगे बढाने में सहयोग करें ।
दान राशि बैंक खाते में डालने हेतू जानकारी इस प्रकार है ।

Bank - State Bank of India
Bank A/c Name - Vichar Samiti
Account No. - 37941791894
IFSC Code - SBIN0000475

Paytm/Phonepe/Googlepay आदि से दान करने के लिए QR कोड को स्कैन करे ।

cfpay.dmvicharsamiti@icici

## -: संपर्क :-

+91 95757 37475
linkedin.com/in/vichar-samiti
samiti.vichar@gmail.com
www.vicharsamiti.in
Sagar, Madhya Pradesh India

संपादक - आकांक्षा मलैया, प्रबंधक व प्रकाशक - विचार समिति, स्वामित्व - विचार समिति, 258/1, मालगोदाम रोड, तिलकगंज वार्ड, आदिनाथ कार्स प्रा.लि. के पीछे, सागर (म.प्र.), पिन-470002
मुद्रण - तरूण कुमार सिंघई, अरिहंत ऑफसेट, पारस कोल्ड स्टोरेज, बताशा गली, रामपुरा वार्ड, सागर